6

संचार शोध की लोकप्रिय शोध विधियां

विकाश कुमार
शोध छात्र, जनसंचार (मीडिया अध्ययन विभाग),
महात्मा गाँधी केन्द्रीय वि.वि., मोतिहारी

संचार शोध

संचार मानव जीवन की बुनियादी आवश्यकता है जिसके माध्यम से वहसमाज में अपने विचारों और संवेदनाओं का आदान–प्रदान करता है। संचार की यह प्रक्रिया विभिन्न माध्यमों के जरिये संचालित होती है। बदलते समय के साथ मनुष्य की जरूरतों में भी कई बदलाव आए। अपनी जिज्ञासु प्रवृत्ति तथा अपने जीवन में संचार की महत्ताऔर प्रधानता को ध्यान में रखते हुए मानव ने शोध (Research) की आवश्यकता महसूस की। शोध के माध्यम से उसने सूचना व प्रौद्योगिकी के तंत्र को विकसित करते हुए विभिन्न जनमाध्यमों को जन्म दिया जिनकी सहायता से आज 'विश्वग्राम' की संकल्पना साकार दिखाई पड़ती है।वर्तमान समय में संचार मनुष्य के वैयक्तिक, सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक तथा राजनैतिक पहलुओं को प्रभावित कर रहा है। संचार की व्यापकता तथा महत्व तथा इसमें जनमाध्यमों केभूमिका को केन्द्र में रखकर कालांतरमें संचार एवं मीडिया शोध (Communication & Media Research) का जन्म –

Self Attested Vikash Kumar